भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 514
दिनांक 03 फरवरी, 2026 के लिए प्रश्न

दिल्ली दुग्ध योजना

514.श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली दुग्ध योजना (डीएमएस) के तहत वर्तमान में राजधानी में संचालित डिपों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या डीएमएस घाटे में चल रहा है और यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान हुई हानि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का डीएमएस का पुनरुद्धार करने के लिए कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

क. दिल्ली दुग्ध योजना (DMS) के 380 दुग्ध बूथ वर्तमान में राजधानी में कार्यरत हैं।

ख. पिछले पांच वर्षों के दौरानDMS द्वारा अर्जित लाभ/हानि का विवरण निम्नलिखित है:-

वर्ष	आंकड़े लाख रु. में
2020-21	(+) 263.06
2021-22	(-) 334.24
2022-23	(-)5873.23
2023-24	(-) 6445.96
2024-25	(-)2465.60

ग. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 22.04.2015 को हुई अपनी बैठक में पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) द्वारा खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से दिल्ली दुग्ध योजना के लिए संचालन एवं प्रबंधन (O&M) एजेंसी के चयन हेतु अनुमोदन दिया था। तदनुसार, विभाग ने इस संबंध में दिनांक 26.05.2017 और 27.06.2018 को दो खुली बोलियां आमंत्रित की थीं। लेकिन दिल्ली दुग्ध योजना के संचालन एवं प्रबंधन को 30 वर्षों के लिए पट्टे पर सौंपने के लिए विभाग को कोई उपयुक्त रियायतग्राही नहीं मिल पाया, क्योंकि खुली बोली के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावित मूल्य/दरें विभाग द्वारा निर्धारित 'आरक्षित मूल्य' से कम थीं।

***